P&Q
पायनियर Established 1865
www.dailypioneer.com
नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित
P&Q
Mon, 10 Nov 2025; daily - Pioneer Hindi - Delhi;
Size: 28 sq. cm.; Circulation: 87000; Page: 5
Copyright © 2025 Pioneer - Hindi, All rights reserved.

# डीएनडी पर सड़क के काम से जाम की आशंका

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

नोएडा को दक्षिणी दिल्ली से जोड़ने वाले डीएनडी पर लोगों को एक महीने से अधिक समय तक जाम झेलना पड़ सकता है। इसकी वजह यह है कि यहां पहले चरण में दिल्ली से नोएडा की ओर आने वाले रास्ते पर मरम्मत का काम शुरू किया गया है। डीएनडी पर रात और दोपहर के समय करीब 11 घंटे तक काम होगा। डीसीपी यातायात डॉ प्रवीन रंजन ने बताया कि डीएनडी की मुख्य सड़क और लूप की रिसरफेसिंग का काम किया जाना है। नोएडा टोल ब्रिज कंपनी लिमिटेड सड़क की मरम्मत का काम करेगा। रविवार रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक काम होगा। इसके बाद दोपहर में 12 से शाम 4 बजे तक रिसरफेसिंग का काम किया जाएगा। इस हिस्से का काम पूरा होने में 15 से 20 दिन का समय लगने का अनुमान है। इसके बाद नोएडा से दिल्ली की ओर जाने वाले रास्ते पर काम होगा। उन्होंने बताया कि टोल ब्रिज कंपनी को निर्देश दिए गए हैं कि वह रात में 2 और दोपहर में 1 लेन बंद कर काम करें। डीसीपी ने बताया कि यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि डीएनडी से रोजाना 4-5 लाख वाहन गुजरते हैं। सुबह-शाम यहां लोगों को लंबे जाम में फंसना पड़ता है। दिन में भी वाहनों का अधिक दबाव रहता है।

> पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि डीएनडी पर रिसरफेसिंग का काम चलने के दौरान वैकल्पिक रास्तों का प्रयोग करें। इससे डीएनडी पर वाहनों का दबाव कम रहेगा। लोगों को जाम से फंसने में राहत मिलेगी।